# Dronacharya Government College,Gurugram

## Admission 2021-22

**B.A, B.COM, B.Sc** प्रथम वर्ष में दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन **16** अगस्त **2021** से **02** सितंबर**2021** तक किये जा सकते हैं। फॉर्म भरते समय **DGC, Gurugram** का नाम सेलेक्ट करे|

➡ दाखिले का शेड्यूल,सीटों की संख्या व आवश्यक दस्तावेजों का विवरण निम्नलिखित है :-

1- ऑनलाइन आवेदन:- 16 अगस्त 2021 से 02 सितंबर 2021 तक उच्चतर शिक्षा विभाग की बेबसाइट (https://dheadmissions.nic.in) पर जाकर ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं।

2- प्रथम मेरिट लिस्ट 08 सितंबर 2021 को जारी होगी। इस लिस्ट में नाम आने वाले छात्र 09 से 13 सितंबर 2021 तक ऑनलाइन फीस भर सकेंगे।

3- दूसरी मेरिट लिस्ट 15 सितंबर 2021 को जारी होगी इस लिस्ट में नाम आने वाले छात्र 18 सितंबर 2021 तक ऑनलाइन फीस भर सकेंगे ।

इस बार सिर्फ दो मेरिट लिस्ट लगाई जाएंगी। इसके बाद अगर किसी कोर्स में सीटें बचती हैं तो 21 सिंतबर 2021 को रेजिस्ट्रेशन हेतु पुनः पोर्टल ओपन किया जाएगा व मुख्यालय के निर्देशानुसार दाखिले किये जायेंगे।

फार्म भरते समय जरूरी दस्तावेजों की सूची ⤵

(1) आधार कार्ड ।

(2) 10वीं प्रमाण पत्र ।

(3) 10+2 प्रमाण पत्र ।

(4) डोमिसाइल (Residence) प्रमाण पत्र ।

(5) जाति प्रमाण पत्र (for SC/BC कैटेगरी स्टूडेंट्स)।

(6) गैप ईयर सर्टिफिकेट(जिनका गैप ईयर है)।

(7) Latest पासपोर्ट साइज फोटो व Signature ।

(8) इनकम सर्टिफिकेट, 6 महीने से ज्यादा पुराना न हो (for BC Category students whose family income is below than 250000 per year)

(9) चरित्र प्रमाण पत्र (स्कूल से मिलेगा, जिसने ओपन से 10+2 की है व जिनका गैप ईयर है वो अपने वार्ड के पार्षद/गांव के सरपंच से बनवा सकता है।

(10) ईमेल आई डी व मोबाइल न (वही मोबाइल नम्बर भरें जो परमानेंट हो क्योंकि कॉलेज के विभिन्न प्रकार के फार्मों से सम्बंधित कार्यों हेतु तीनो साल इसी फोन नम्बर की जरूरत पड़ेगी।

(11)माइग्रेशन सर्टिफिकेट (HBSE बोर्ड को छोड़कर CBSE बोर्ड व अन्य बोर्डों से 10+2 पास करने वाले छात्रों के लिए)।

(12) बैंक खाते की पासबुक की  फोटोकॉपी with IFSC कोड (बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक होना चाहिए, यदि आधार से लिंक नहीं है तो तुरंत करवाएं)

(13) अगर कोई विद्यार्थी EWS (Economically Weaker Section) कैटेगरी में फॉर्म भरता है तो उसका EWS सर्टिफिकेट

(14) NSS/NCC/Sports सर्टिफिकेट  (for weightage)

(15) Family ID

फॉर्म भरते समय ध्यान रखने योग्य बातें ₋

(1)फॉर्म भरने से पहले वीडियो (https://dheadmissions.nic.in) पर जरूर देखे.
(2)फॉर्म भरते समय कोर्स सेलेक्ट करके कोशिश करे के सारे Combination Preference के हिसाब से अवश्य भरे|

(3)जहां तक सम्भव हो मोबाइल नम्बर वो दें जिसपर व्हाट्सएप चलता हो ताकि भविष्य में ऑनलाइन एजुकेशन में भी सुलभता हो सके।

(4) E-education में  ईमेल आईडी अति आवश्यक है। इसलिए छात्र अपनी खुद की ईमेल आईडी बनाएं व ईमेल आईडी और उसका पासवर्ड याद रखें/नोट कर लें।

(5) फॉर्म भरते समय Latest passport size फ़ोटो लगाएं।

(6) महाविद्यालय का चाहे किसी भी प्रकार का फार्म हो एक फोन नम्बर और एक मेल आईडी पर एक ही छात्र अपना रेजिस्ट्रेशन करवाएं। क्योंकि यदि दो छात्र एक ही (same) फोन नम्बर और एक ही (same) मेल आईडी पर रजिस्ट्रेशन करवाते हैं तो उनका फोन न और मेल आईडी एक होने की वजह उनके फार्म में टेक्निकल error आ सकता है जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए दो विद्यार्थी same फोन न व same मेल आईडी पर रजिस्ट्रेशन न करवाएं

(7) फार्म भरने के बाद अपना रेजिस्ट्रेशन नम्बर और पासवर्ड याद रखें/नोट कर लें क्योंकि भविष्य में समय समय पर इसकी जरूरत रहती है।

ऑनलाइन फार्म भरने के बाद विद्यार्थियों के फार्म कॉलेज द्वारा ऑनलाइन सत्यापित किये जाएंगे। अगर किसी विद्यार्थी के फार्म में कोई कमी पाई जाती है तो उसके फार्म पर objection लगाई जाएगी और इसके बारे में विद्यार्थी के रजिस्टर्ड फोन नम्बर/ईमेल आईडी पर मैसेज आएगा कि उसके आवेदन फार्म पर किस वजह से objection लगाई गई है। मैसेज आने के बाद सम्बंधित विद्यार्थी जल्द से जल्द(48 घण्टों के भीतर) objection अपने स्तर पर ऑनलाइन ही remove करवा ले ताकि उसका नाम मेरिट लिस्ट में आ सके। ऑब्जेक्शन remove करवाने के लिए कॉलेज आने की आवश्यकता नहीं है। इसलिए ऑनलाइन फार्म भरने के बाद छात्र रजिस्टर्ड फोन नम्बर/ ईमेल आईडी पर प्रतिदिन मैसेज चेक करते रहें।

दाखिला लेने के बाद  फीस की रसीद और अन्य दस्तावेजों को संभाल कर रखें क्योंकि तीनो साल इनकी जरूरत पड़ेगी। अपने महत्वपूर्ण दस्तावेजों जैसे एप्लीकेशन फार्म की कॉपी,फीस की रसीद, कॉलेज आईडी कार्ड या कॉलेज से मिलने वाले अन्य दस्तावेजों की soft copy को अपनी मेल आईडी पर ही save कर लें ताकि भविष्य में अगर जरूरत पड़ती है तो ये आसानी से उपलब्ध हो सकें।

अधिक जानकारी के लिए http://dgcgurugram.ac.in/Home वेबसाइट के Admission Tab  पर जाये ।